## एक नजर में

### प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों ने एमपी स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लिया



**सनावद, निप्र।** नरेंद्र फुटबॉल क्लब के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों करिश्मा पटेल और मंथन सुल्ताने ने गत दिवस रीवा में आयोजित एमपी स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लिया।करिश्मा 11 वीं कक्षा की छात्रा है और मंथन पॉलिटेक्निक कॉलेज का छात्र है। सनावद ब्लॉक के फुटबॉल खिलाड़ी करिश्मा और मंथन खरगोन जिला स्तर और इंदौर संभाग से चयनित होकर रीवा खेलने गए थे। रीवा से वापस लौटने पर करिश्मा और मंथन का फुटबॉल कोच राहुल बंसल और क्लब के खिलाड़ियों ने स्वागत किया और बधाई दी। उल्लेखनीय है कि विगत अनेक वर्षों से फुटबॉल कोच राहुल बंसल सनावद, बड़वाह और आसपास के ग्रामों के के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों को स्थानीय सूत मिल ग्राउंड पर सफलतापूर्वक फुटबॉल का प्रशिक्षण दे रहे हैं।बंसल द्वारा प्रशिक्षित फुटबॉल खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर निमाड़क्षेत्र का नाम रौशन कर चुके हैं।

### 8 फरवरी को सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया जाएगा

**सनावद, निप्र।** जैन समाज के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक 8 फरवरी रविवार को बड़े भक्ति भाव व हर्षोल्लास से मनाया जायेगा ।सन्मति जैन काका ने बताया की इस अवसर पर श्री सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस मंगल अवसर पर संतोष बाकलीवाल ने बताया की जिसमें प्रात: 7 :00 बजे – श्रीजी का जलाअभिषेक, शांतिधारा, संगीतमय पूजन पश्चात प्रात: 8 .00 बजे – सुपार्श्वनाथ मंडल विधान एवं तत्पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाया जायेगा। एवं रात्रि में आरती की जायेगी ।इस अवसर पर श्री सुपार्श्वनाथ भक्त मंडल ने सभी समाजजनों से कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज करवा ने का निवेदन किया है। श्रीमान जी से निवेदन है की समाचार को अपने लोकप्रिय पेपर में उचित स्थान देवे।




### 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत के लिए ली बैठक




**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।इसी तारतम्य में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के मार्गदर्शन में 06 फरवरी को ए.डी.आर. सेंटर जिला न्यायालय मंडलेश्वर में नगर परिषद्, विद्युत विभाग एवं बैंक के अधिकारियों से प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने एवं समय सीमा में पक्षकारों को नोटिस तामील कर उनके प्रकरणों में मिलने वाली छूटों की जानकारी पक्षकारों को अवगत कराने की बात कही। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चंद्रेश मंडलोई ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करे, जिसकी जानकारी आमजनता तक पहुंचे और अधिक से अधिक पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ ले सके।बैठक में सहायक यंत्री श्री एस.सी. वास्कले, यूनियन बैंक के अधिकारी श्री सुभाष सेन, एसबीआई बैंक के अधिकारी संध्या बधोलिया, म.प्र. ग्रामीण बैंक के अधिकारी श्री विशाल वर्मा, नगर परिषद् मंडलेश्वर से श्री जावेद खान उपस्थित रहे।

### कन्या महाविद्यालय खरगोन में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ




**खरगोन, निप्र।** नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परम्परा की समझ की लक्ष्य को द्वष्ट्रिगत रखते हुए मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय खरगोन में आज से 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।संगोष्ठी का शुभारम्भ कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा किया गया।शोध संगोष्ठी के कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आरके यादव ने की।इस दौरान उन्होंने भारतीय ज्ञान सम्परा को प्राचीन इतिहास से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए इसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया।समन्वयक राष्ट्रीय शोध संगोष्टी डॉ. धमेन्द्र भालसे ने अतिथियां का परिचय प्रस्तुत किया एवं भारतीय ज्ञान परम्परा विभिन्न पहलूओं से अवगत कराया गया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने नई पीढ़ी एवं महिलाओ की भुमिका को विशेष बल देते हुए छात्राओं को पढ़ने, आगे बढ़ने एवं अपने परम्परागत ज्ञान को सजोए रखने का आहवान किया। अपने भविष्य को सुरक्षित रखने की बात को स्वयं का उदाहरण देते हुए श्री हरिवंश राय बच्चन कि पंक्ति ''कोशिशा करने वालों कर कभी हार नहीं होती'' पर अपने बात पूर्ण की। कार्यक्रम से पूर्व कलेक्टर सुश्री मित्तल ने महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया।संगोष्ठी में महाराष्ट्र के डॉ. सुधाकर जाधव अपने वक्तव्य में नवीन शिक्षा नीति की आवश्यकता और पुरानी शिक्षा नीति के समन्वय से भविष्य की ओर जाने एवं भारत की गौरवशाली परम्पराओं को योजनाबद्ध तरीके से एक सूत्र पिरोने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह केवल भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता को ध्यान में रखकर ही किया जा सकता है।कार्यक्रम का संचालन डॉ. सेवन्ती डावर द्वारा किया गया।प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, महू के कुलगुरू डॉ. सुनील गोयल भारतीय ज्ञान परम्परा के लक्ष्य पर प्रकाश डाला एवं उसके उद्देश्य से छात्राओ को अवगत कराया।डॉ. राजाराम आर्य एवं डॉ. ए.जे.सोलंकी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।सत्र का संचालन डॉ. ममता गोयल द्वारा किया गया।आज के सत्र में लगभग 50 शोधार्थियों ने पंजीयन कराया।

# एनएसएस शिविर युवाओं को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम : यादव

## मुलठान में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जी. आर. व्हाय इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, बोरावां द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ग्राम मुलठान में सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर दिनांक 31 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक ग्राम मुलठान में आयोजित किया गया, जिसका समापन समारोह 06 फरवरी 2026 को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

**सामाजिक सेवा गतिविधियों में स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता:-** शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा से जुड़ी अनेक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इन गतिविधियों में ग्राम विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य किया गया।

**समापन समारोह: गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति:-** समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय जिला संगठनक डॉ. सुरेश आवसे, संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुजीत पिल्लई सहित संस्थान के शिक्षकगण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान स्वयंसेवकों ने शिविर में प्राप्त अपने अनुभव साझा किए, जिनमें सेवा, सहयोग एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत एनएसएस सेवा नृत्य एवं एनएसएस लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया और कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

**शिविर गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण:-** एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोहिनी पाटीदार द्वारा शिविर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान घर-घर संपर्क अभियान, रक्तदान जागरूकता, नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा, सुरक्षा एवं सामाजिक सुधार विषयक जागरूकता रैली, का आयोजन किया गया।





### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत दिनांक 04 फरवरी 2026 को मंडलेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश पाटीदार द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 75 ग्रामीण लाभार्थियों ने लाभ प्राप्त किया।इसमें से 36 ग्राम वासियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु जिला स्तर पर रेफर किया गया ।जहॉं शासकीय योजनान्तर्गत नि:शुल्क ऑपरेशन किये जावेगें । इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया परीक्षण, हेपेटाइटिस एवं एचआईवी/एड्स सुरक्षा जागरूकता, तथा डिजिटल साक्षरता विषय पर ग्राम सर्वेक्षण भी किया गया। स्वच्छ भारत अभियान एवं वृक्षारोपण शिविर के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान के तहत श्रमदान किया गया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्ध वातावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

### अतिथियों के प्रेरणादायी उद्बोधन

संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुजीत पिल्लई ने अपने उद्बोधन में एनएसएस को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश आवसे ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज परिवर्तन का संवाहक बताया और भविष्य में भी सेवा कार्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिविर में सक्रिय सहभागिता करने वाले सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन एनएसएस गीत एवं समूह फोटो के साथ हुआ। 'नॉट मी बट यू' का संदेश समापन समारोह ने यह सशक्त संदेश दिया कि 'नॉट मी बट यू' की भावना के साथ एनएसएस स्वयंसेवक समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर रहेंगे। इस विशेष शिविर का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोहिनी पाटीदार के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर नेतृत्व का दायित्व वरिष्ठ स्वयंसेवक सौम्य साहु, विराज आचार्य, माहि वर्मा, सुमित राठौड़, मोहित यादव, अवधेश साध, द्वारा कुशलतापूर्वक निभाया गया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने सात दिवसीय शिविर के सहभागी विद्यार्थियों को प्रेषित अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के शिविर युवाओं को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। ग्रामीण परिवेश में सेवा कार्य करने से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवेदनशीलता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व का विकास होता है।

## माझी कहार समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 119 जोड़ों ने लिए सात फेरे

### विधायक पाटीदार और कलेक्टर ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

**खरगोन, निप्र।** शहर का आनंद नगर स्थित कपास मंडी परिसर शुक्रवार को माझी कहार समाज के तत्वाधान में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में समाज के 119 जोड़ें एक दूसरे के जीवन साथी बने। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें हर रिश्तेदार, समाजजन आयोजक बनकर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों के बीच व्यवस्थाएं जुटाते नजर आया। इस सम्मेलन में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर भव्या मित्तल, नगर पालिका सीएमओ कमला कौल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए। विधायक एवं कलेक्टर ने पात्र जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से लाभांवित भी किया। समाज अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने बताया समिति द्वारा लगातार तीसरे वर्ष वृहद स्तर पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें 51 जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ मिला जबकि शेष जोड़ों को समाज और आयोजन समिति की और से गृहस्थी सामान सहित उपहार भेंट किए गए है। आयोजन में हजारों की संख्या में समाजजनों के शामिल होने पर शासन की योजनाओं के प्रचार- प्रसार के लिए भी स्टॉल लगाए गए थे।




## अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर दी दबिश, दो के खिलाफ बनाए प्रकरण



**खरगोन, निप्र।** करही पुलिस ने अवैध शराब के 02 ठिकानों पर दी दबिश देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की। थानाक्षेत्र के ग्राम चिरा खान के जंगल में नाले किनारे अवैध कच्ची शराब भट्टी संचालन की सूचना पर दबिश दी गई। यहां मौके से पप्पू पिता शोभाराम वास्कले निवासी ग्राम पथराड को हिरासत में लिया। पुलिस आरोपी के कब्जे से 22 लीटर अवैध लीटर कच्ची महुआ शराब और 1000 लीटर महुआ लहान नष्ट कर भट्टी को भी ध्वस्त किया। पप्पू के खिलाफ आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। ग्राम पथराड में ने घेराबंदी कर दबिश दी । यहां सुभाष मानकर पिता नानूराम निवासी के कब्जे से विक्रय के लिए रखी 10 लीटर कच्ची हाथभट्टी महुआ शराब को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## कॉलेज स्तर पर मानव अधिकार विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत : आरती राजपूत

**मंडलेश्वर, निप्र।** भारतीय समाज में मां अपनी बेटी को घर के सारे कार्य सिखा देती है। उसके बाद भी स्कूल कॉलेज में होम साइंस को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है। होम साइंस के साथ जब स्कूल कॉलेज में बच्चों को मानव अधिकार एक विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा तो इस देश की उन्नति में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा लोग अपने अधिकारो को लेकर जागरूक होंगे तब लोगो के मानव अधिकारों का हनन बंद होगा और एक सुसभ्य संस्कृत और सम्पन्न समाज का निर्माण होगा जिससे हम विकसित भारत का लक्ष जल्दी प्राप्त कर लेंगे। भारत में मानव अधिकार पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए यह कार्य पंजाब विश्वविद्यालय ने शुरू कर दिया है अब दूसरे राज्यों को इसका अनुसरण करना चाहिए।यह प्रेरक उदगार मानव अधिकार परिषद (भारत) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति आरती राजपूत ने उमिया कन्या महाविद्यालय मंडलेश्वर में मानव अधिकार पर आयोजित व्याख्यान में कही। आपने महिलाओं का आव्हान किया कि वे अपने अधिकारो के प्रति सचेत रहे कानूनी जानकारी ले और अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा करे तभी आप अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ सकते है।परिषद के प्रदेश अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में मध्य प्रदेश में परिषद के उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी प्रदेश सचिव गोविन्द सिंह कुशवाह ने प्रदेश संगठन की जानकारी दी। आपने नारी के सम्मान में कहा कि। 'नारी पहले भी भारी थी ,नारी आज भी भारी है ।पुरुष पहले भी आभारी था, पुरुष आज भी आभारी है। विशेष अतिथियों में परिषद के मंदसौर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गुजर रतलाम जिलाध्यक्ष मनोज कटारिया एवं वरिष्ठ लेखक दुर्गेश राजदीप शामिल रहे।संस्था के प्राचार्य डॉ शिवेन्द्र शर्मा प्रो विष्णु पाटीदार प्रो शीतल पाटीदार प्रो अनिता विष्णु पाटीदार प्रो मीनू कुशवाह एवं अजय पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया आभार प्रो विष्णु पाटीदार ने माना संचालन प्रो कीर्ति मकवाने ने किया। इस अवसर पर प्रो माया पाटीदार, प्रो राधा पाटीदार प्रो आरती शर्मा प्रो अर्पिता कौशल सहित छात्राएं और स्टाफ उपस्थित रहा।




## सेगांव पुलिस ने जब्त की 250 लीटर अवैध लिमड़ी शराब

**खरगोन, निप्र।** पुलिस ने अवैध शराब के ठिकाने पर दबिश देकर 250 लीटर अवैध लिमडी शराब जब्त की है। सेगांव पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम तीरी रहने वाला सीताराम के मकान के सामने बनी टापरी पर दबिश दी गई। यहां घेराबंदी कर निगरानी रखी गई। इसी दौरान सीताराम टापरी से लिमडी शराब निकलते दिखाई दिया, यह देख जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची तो वह मौके से भाग निकला। टपरी में तलाश करने पर लगभग 250 लीटर अवैध लिमडी शराब मिली, जिसे जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है।




## संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गोगावा, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावा में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला चिकित्सालय खरगोन से डॉक्टर गौरव पाटीदार शल्य क्रिया विशेषज्ञ, डॉक्टर प्रज्ञा चौहान ,डॉक्टर आयुषी सोनी ,डॉ आसाराम खरते बीएमओ, द्वारा 162 मरीजों के साथ 20 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार दिया गया। 20 हितग्राहियों की आभा आईडी बनाई गई 14 एन सी डी जांच की गई ,10 के एक्स-रे ,6 नेत्र परीक्षण, 19 वृद्धाजनों की जांच एवं 28 मरीजों की सिकल सेल जांच की गई इस अवसर पर डॉक्टर विनीता मंडलोई डॉ अनुराग पाटीदार,डॉक्टर उमाकांत आर्य, बीपीएम अशीष पंवार, बी ई ई परसराम क्षेत्र ,जितेंद्र पाटीदार , अशोक कुशवाह एम आई,संजय चौहान एवं समस्त हॉस्पिटल स्टाफ द्वारा सेवाएं दी गई।



**एक नजर में** — 80 बच्चों की हुई जांच, 40 को सर्जरी के लिए किया चिन्हित

# नि :शुल्क हृदय रोग एवं कटे होंठ तालू उपचार का शिविर संपन्न

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय खरगोन के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में 06 फरवरी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के माध्यम से निशुल्क हृदय रोग एवं कटे होंठ तालू, हर्निया, हाइड्रोसील, टंगटाई जैसी जन्मजात विकृति से ग्रसित बच्चों की जांच एवं उपचार हेतु निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान ने बताया कि शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों द्वारा चिन्हित जन्मजात विकृति से ग्रसित बच्चों को लाया गया था। जिसमें श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर एवं लाहोटी अस्पताल भोपाल के चिकित्सकों द्वारा बच्चों की जांच कर सर्जरी हेतु चयनित किया। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र के मैनेजर विनोद पंवार ने बताया कि शिविर में कुल 80 बच्चों का पंजीयन किया गया। जिसमें 40 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। जिसमें हृदय रोग से ग्रसित 22 बच्चों को चिन्हित डीआर संजुक्ता भार्गव द्वारा ईको जांच की गई है। इन बच्चों के प्रकरण मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत बनाए गए। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सपना सिंह एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मयंक पाटीदार द्वारा बच्चों को जांच कर प्रकरण वेरीफाई किये गए। इन बच्चों की सर्जरी श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर में की जाएगी। शिविर में लाहोटी अस्पताल भोपाल के डॉ. निशांत गिरते ठाकुर द्वारा भी बच्चों की जांच की गई। जिसमें कटे होंठ तालू के 12 बच्चे, टंगटाई (चिपकी हुई जीभ) के 2 बच्चे, हर्निया के 2 बच्चे, हाइड्रोसील का 1 बच्चा तथा हाइपोसीडियस का 1 बच्चा सर्जरी के लिए चयनित हुआ है। इन बच्चों को लाहोटी अस्पताल भोपाल द्वारा भोपाल ले जाया जा रहा है, जिनकी दो से चार दिन में सर्जरी की जाएगी।


